आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 17.01.2025 समय: 2.10 PM

राष्ट्रपति राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पैरा निशानेबाज कोच सुभाष राणा, निशानेबाज कोच दीपाली देशपांडे, हॉकी कोच संदीप सांगवान, बैडमिंटन कोच एस. मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमान्डो एग्नेलो कोलाको को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया गया।

एथलीट ज्योति यराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, पैरा तीरंदाज राकेश कुमार सहित 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री सराहना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतना जिले की डॉ. स्वप्ना वर्मा की सराहना की है। डॉ. स्वप्ना को बीमारी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में उनके अनूठे प्रयासों के लिए यह सराहना मिली है। डॉ. स्वप्ना ने मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने का अनुकरणीय कार्य किया है। उनके नेतृत्व में संस्थान ने घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण, पेशेंट

का डिजिटल प्रोफाइल और फैमिली ट्री चार्ट तैयार करने जैसे नवाचार किये हैं।

महाकुंभ - चिकित्सा सेवाएं

सरकार ने महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में 100 बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है।

आर्मी मैराथन

भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना के सुदर्शन चक्र कोर द्वारा 19 जनवरी को आर्मी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया, रन विद इंडियन आर्मी के आदर्श वाक्य के साथ यह आयोजन हर उम्र और वर्ग के लोगों के लिए है।

मैराथन में तीन श्रेणियां रखी गई हैं, जिसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। यह मैराथन भोपाल के द्रोणाचल से शुरू होकर वीआईपी रोड होते हुए द्रोणाचल पर ही समाप्त होगी। आयोजन के दौरान 10 लाख रुपये तक के आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई पाठ्यक्रम

राजधानी भोपाल के पांच कॉलेजों सहित प्रदेश के 55 पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और 13 ऑटोनॉमस कॉलेजों में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से दो तरह के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई से संबंधित कोर्स शुरू कर दिए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी के एक्सीलेंस, हमीदिया, नूतन, गीतांजलि और एमएलबी कॉलेजों में दोनों सर्टिफिकेट कोर्सेस के लिए 8- 8 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। राजधानी में इन पाठ्यक्रमों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रवेश किए हैं। दोनों पाठ्यक्रम निःशुल्क हैं।

मौसम

प्रदेश के भोपाल, इंदौर समेत अधिकतर जिलों में आज सुबह कोहरा छाया रहा। ग्वालियर-चंबल में बादल बने रहे। शाजापुर-सागर में तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कल श्योपुर, मुरैना में बारिश हुई जबकि भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के कई शहरों में बादल छाए रहे।

मौसम विभाग के मुताबिक, ग्वालियर-चंबल में अगले 2 दिन कोहरा रहेगा जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बादल छाए रहेंगे। 19-20 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ेगा। इस बार जनवरी के आखिरी सप्ताह में भी तेज ठंड पड़ने का अनुमान है।

समाचार संक्षेप में...

1. बैतूल में काशी तालाब क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

2. आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित शासकीय महाविद्यालय में कल "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

3. भोपाल के राजा भोज विमानतल पर विमान मरम्मत स्टेशन शुरू होना जा रहा है। एयरपोर्ट अधिकारियों की मानो तो जून 2025 तक यह शुरू हो जाएगा।   और

4. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के रतलाम, उज्जैन एवं इंदौर रनिंग रूम को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ' ईट राइट कैंपस' घोषित किया गया है|